***खंड 21***

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार,

विश्वास नहीं होता कि 2021 का पहला महीना आधा बीत चुका है। लेकिन मुश्किल घड़ी में हमारे देश के नागरिकों के समर्पण और उत्साह पर विश्वास किया जा सकता है, ठीक Martin Luther King, Jr की तरह। एक ही ऐतिहासिक सप्ताह में डॉ. मार्टिन लूथर किंग, जूनियर दिवस और उद्घाटन दोनों को मनाने के बाद, जहां राष्ट्र की पुरस्कार सम्मानित प्रथम युवा कवियत्री Amanda Gorman ने अपनी कविता "**The Hill We Climb (द हिल वी क्लाइम्ब)** " सुनाई। इस शक्तिशाली कविता ने हम सभी को स्मरण कराया कि चाहे हमें चीज़ें कैसी भी दिखाई या महसूस होती हों, उम्मीद और प्रगति की एक किरण हमेशा मौजूद रहती है।

मैं आपको प्रोत्साहित करती हूँ कि आप मेरे साथ मिलकर सभी परिस्थितियों में अपने भीतर उम्मीद की उस किरण को बनाए रखने का हर समय प्रयास करते रहेंगे।

जैसा कि आप जानते हैं, 11 जनवरी को हमने शिक्षा बोर्ड की बैठक के दौरान Dekalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) की पुनःआरंभ योजना के ऊपर नई जानकारी को प्रस्तुत किया। COVID-19 के विस्तार और हमारे देश में उच्च संक्रमण दर को ध्यान में रखते हुए, सोच समझ कर निर्णय लिया गया कि विद्यार्थी 19 जनवरी को आमने-सामने अनुदेश व्यवस्था में वापस नहीं लौटेंगे, जैसा कि पहले बताया गया था।

मैं सभी को आश्वासन देना चाहती हूँ कि विद्यार्थियों और स्टाफ की व्यक्तिगत अनुदेश में वापसी के लिए अपेक्षित तारीख से दो सप्ताह पहले परिवारों को सूचना दी जाएगी। हमारे भवन और टीमें शमन रणनीतियों को लागू करने और स्कूलों की तैयारी के ऊपर ध्यान देना जारी रखेंगे जिससे कि सुनिश्चित किया जा सके कि एक बार हमारे कक्षाओं में लौटने पर सभी भवन विद्यार्थियों और स्टाफ के आगमन पर तैयार रहें। उन रणनीतियों के बारे में अधिक जानकारी यहाँ से प्राप्त करें। याद रखें: आपकी सामूहिक सुरक्षा ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## DCSD परिवार

हमारे माता-पिता और शिक्षकों को धन्यवाद जिन्होंने हाल में आयोजित वर्चुअल टाउन हॉल को देखा और उसमें भाग लिया। अपना फीडबैक देने, और डिस्ट्रिक्ट की पुनःआरंभ योजना को गौर से सुनने के लिए हम आपकी सराहना करते हैं। यदि आप टाउन हॉल में भाग नहीं ले पाए, तो कृपया उसे देखने के लिए यहाँ आएं:

अंग्रेजी: https://fb.watch/39hp97Mz96/
स्पैनिश: https://youtu.be/um9m5rDShPY

जैसा कि मैंने टाउन हॉल में उल्लेख किया था, हमारा ऑपरेशन्स स्टाफ और स्कूल प्रधानाचार्य व्यक्तिगत शिक्षा व्यवस्था के लिए भवन को तैयार करने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रतिदिन निरीक्षण आयोजित किए जाते हैं, क्षेत्रों का आकलन कर उनकी कमियों का पता लगाया जाता है और कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

वैसे तो फिलहाल आमने-सामने की अनुदेश व्यवस्था के लिए कक्षा में लौटने का कोई विचार नहीं है फिर भी, हम स्कूल के भीतर COVID-19 फैलने और संक्रमण के जोखिम स्तर को कम करने वास्ते CDC की पाँच मुख्य शमन रणनीतियों को लागू करते रहेंगे। ये रणनीतियां इस प्रकार से हैं:

- मास्क का निरंतर और सही उपयोग
- जितना अधिक संभव हो सोशल डिस्टेन्सिंग
- हाथों की धुलाई
- सफाई और कीटाणु नाशन
- DeKalb स्वास्थ्य बोर्ड के सहयोग से संपर्क अनुरेखण

इन्हीं रणनीतियों का पालन करते हुए हम अपने कर्मचारियों और हमारे विद्यार्थियों दोनों के लिए कक्षा में सुरक्षित, सहज और महफूज वापसी की योजना बनाना जारी रखेंगे। वैसे तो मैं समझती हूँ कि आजकल बदलाव बहुत तेज़ गति से हो रहे हैं, पर मुझे आप सभी में – हमारी शानदार टीम, नेतृत्व, बोर्ड और हमारे विद्यार्थियों - पर पूर्ण विश्वास है और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और खुली सोच रखने के लिए आपका धन्यवाद।

हम सभी समझते हैं कि ये समय अनिश्चितताओं से भरा हुआ है। अपने परिवारों के लिए, हम पारदर्शी, निरंतर और नई जानकारी प्राप्त करने की ज़रूरत को समझते हैं। DCSD की पुनःआरंभ योजना के बारे में सभी नई जानकारी के लिए हमारे पुनःआरंभ पोर्टल पर जाएं। इस पोर्टल पर, आपको घोषणाओं, सुरक्षा मानदंडों, परिवहन संबंधी नई जानकारी, वर्चुअल शिक्षा से लेकर पोषण तक सभी चीज़ों की जानकारी मिल जाएगी। मैं हर परिवार को प्रोत्साहित करती हूँ कि वे नई जानकारी के लिए पुनःआरंभ साइट को बुकमार्क कर समय-समय पर उसकी जांच करें।

## 19 जनवरी, 2021 से आरंभ अनुदेश सारणी

अनुदेश सारणी के बारे में अपना फीडबैक देने के लिए धन्यवाद। परिवर्तन की तैयारी के लिए प्रधानाचार्यों और स्टाफ को स्पष्टीकरण प्रदान किया गया था। इस समय परिस्थितियों के अनुकूल ढालना ज़रूरी है।

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) 19 जनवरी, 2021 से वर्चुअल शिक्षा सारणी को अपनाने जा रहा है। नियमित कक्षा सारणी में परिवर्तन सभी विद्यार्थियों के लिए निरंतर और अधिक अनुदेश समय की अनुमति देगा। दैनिक सारणी से भोजन (सुबह का नाश्ता और दोपहर का भोजन) और तकनीक अवकाश के लिए समय आवंटित किया जा सकेगा। कक्षाओं का आयोजन सोमवार, मंगलवार, वीरवार, और शुक्रवार को किया जाएगा। सभी शिक्षक और विद्यार्थी बुधवार का उपयोग अनुदेश समर्थन दिवस के रूप में करेंगे जिससे कि विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से या विद्यार्थी-शिक्षक के छोटे-छोटे समूहों में हस्तक्षेप, समाधान, और/या वृद्धि प्राप्ति की अनुमति मिलेगी।

प्री-किंडरगार्टन को अपवाद बनाते हुए, नीचे प्रदान सारणी में मिनटों की वो न्यूनतम संख्या दर्शाई गई है जब तक विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों से प्रत्यक्ष अनुदेश प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को समर्थन देने के लिए स्थानीय स्कूल लीडरों और शिक्षकों को समकालिक शिक्षा समय को बढ़ाने की छूट प्रदान की गई है। विद्यार्थी व्यक्तिगत और सामूहिक असाइनमेंट में व्यस्त रहेंगे जो कि समकालिक शिक्षा समय अवधि से आगे जाएगी।

| ग्रेड स्तर | | समकालिक समय अवधि |
|---|---|---|
| प्री-किंडरगार्टन | | प्रति घंटा प्रति DECAL 1 घंटे से 1½ घंटे |
| एलिमेंटरी | ग्रेड K-2 | प्रति कोर्स 15 मिनट |
| एलिमेंटरी | ग्रेड 3-5 | प्रति कोर्स 20 मिनट |
| मिडिल | ग्रेड 6-8 | प्रति कोर्स 30 मिनट |
| हाई स्कूल | ग्रेड 9-12 | प्रति कोर्स 30 मिनट |

## जनवरी के लिए संक्षिप्त विद्यार्थी कैलेंडर

दूसरे सेमेस्टर के आरंभ की तैयारी के लिए, कृपया अपने बच्चे के साथ संक्षिप्त विद्यार्थी कैलेंडर की समीक्षा करें। विद्यार्थी 19 जनवरी, 2021 से वर्चुअल रूप से स्कूल में भाग लेंगे। कृपया ध्यान दें कि बुधवार, 20 जनवरी को विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है।

**जनवरी, 2021**

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरूवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 10 | 11 विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस<br>अंतिम परीक्षा | 12 विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस<br>अंतिम परीक्षा | 13 विद्यार्थियों के लिए स्वतंत्र शिक्षा दिवस<br>सेमेस्टर की गतिविधियों की समाप्ति | 14 शिक्षक/स्टाफ का कार्यदिवस<br>स्कूल बंद रहेंगे | 15 स्कूल बंद रहेंगे | 16 |
| 17 | 18 Dr. Martin L. King, Jr. अवकाश<br>स्कूल बंद रहेंगे | 19 ~ दूसरा सेमेस्टर (पूर्ण सारणी आरंभ)<br>विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस | 20 + विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस | 21 विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस | 22 विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस | 23 |
| 24 | 25 विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस | 26 विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस | 27 विद्यार्थियों के लिए स्वतंत्र शिक्षा दिवस | 28 विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस | 29 विद्यार्थियों के लिए दूरस्थ शिक्षा दिवस | 30 |
| 31 | ~नोट: 19 जनवरी, 2021 – स्टाफ और विद्यार्थी Infinite Campus में पोस्ट की गई अनुदेश सारणी का पालन करेंगे।<br>+नोट: 20 जनवरी, 2021 – विद्यार्थी सुदूर दूरस्थ शिक्षा दिवस में भाग लेंगे। स्वतंत्र शिक्षार्थी दिवस के रूप में इस दिन का उपयोग नहीं किया जाएगा। | | | | | |

यदि अपने बच्चे की सारणी या विद्यार्थी कैलेंडर के संबंध में आपको कोई भी प्रश्न पूछना है, तो कृपया अपने बच्चे के प्रधानाचार्य, शिक्षक(कों), या परामर्शदाता से संपर्क करें।

**<u>परीक्षा संबंधी नई जानकारी</u>**

मौजूदा महामारी के कारणवश, डिस्ट्रिक्ट को सुनिश्चित करना है कि मूल्यांकन इस प्रकार से किए जाते हों जिससे कि हमारे विद्यार्थी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC), DeKalb काउंटी स्वास्थ्य बोर्ड और Georgia शिक्षा विभाग के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षित और तंदुरुस्त रह पाएं।

**Georgia शिक्षा विभाग (GaDOE) के अनुसार, सभी राज्य वित्त पोषित मूल्यांकन, जिनमें ACCESS और Georgia माइलस्टोन्स मूल्यांकन भी शामिल हैं, संघीय दिशानिर्देशों का पालन करते हुए आमने-सामने के प्रारूप में किए जाने चाहिए। यदि माता-पिता नहीं चाहते कि उनका बच्चा आमने-सामने के परीक्षा सत्र में भाग ले, तो कृपया भाग ना लेने पर पड़ने वाले प्रभाव के ऊपर चर्चा के लिए अपने बच्चे के स्कूल से संपर्क करें।**

शीतकालीन मेज़र्स ऑफ अकैडमिक प्रोग्रैस (MAP) परीक्षा 4 जनवरी – 26 फरवरी, 2021 तक आयोजित की जाएगी। दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था के तहत विद्यार्थी डिस्ट्रिक्ट द्वारा जारी या व्यक्तिगत उपकरण पर वर्चुअल रूप से MAP परीक्षा में भाग लेंगे। हालांकि, शीतकालीन MAP मूल्यांकन की प्रकृति के कारण, विद्यार्थी MAP परीक्षा में दो भिन्न विधियों द्वारा भाग लेंगे: दूरस्थ (विज्ञान और भाषा उपयोग) **<u>और</u>** आमने-सामने (गणित और पठन)। **यदि माता-पिता नहीं चाहते कि उनका बच्चा आमने-सामने के परीक्षा सत्रों में भाग ले, तो बच्चा इस बार उन विधियों में भाग नहीं ले पाएगा।**

**<u>बधाई हो!</u>**
**<u>हमारे नए DCSD अध्यक्ष + उपाध्यक्ष</u>**

DeKalb शिक्षा बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से चयनित बोर्ड अध्यक्ष, Mrs. Vickie B. Turner और सर्वसम्मति से चयनित उपाध्यक्ष, Mr. Diijon DaCosta को बधाई हो।

Mrs. Turner, जो कि 20 वर्षों से DeKalb काउंटी में एक सक्रिय सदस्य हैं, 24 वर्षों से सर्वजन शिक्षा को समर्पित हैं। पिछले 6 वर्षों से डिस्ट्रिक्ट 5 की सेवा करने के साथ ही, Mrs. Turner समुदाय और अपनी नई भूमिका में अपने अनुभव और जुनून दोनों का उपयोग करने को लेकर उत्साहित हैं।

Mr. Diijon DaCosta 2018 में डिस्ट्रिक्ट 6 की सेवा आरंभ करने से पहले 2014 में DCSD से शिक्षक के तौर पर जुड़े थे। युवाओं को अकादमिक सफलता दिलाने का उद्देश्य लिए एक उत्साही लीडर के तौर पर, वे अपनी नई भूमिका में नया दृष्टिकोण और पारदर्शी समर्थन देने को लेकर उत्साहित हैं।

मैं इन दोनों शानदार लीडरों और किस प्रकार से ये बोर्ड और हमारे समुदाय को सकारात्मक और प्रगतिशील दिशा में ले जाएंगे इसे लेकर बहुत ही उत्साहित हूँ।

मैं निवर्तमान बोर्ड अध्यक्ष Mr. Marshall Orson का उनकी सेवा और नेतृत्व के लिए भी धन्यवाद करना चाहूंगी।

साथ ही, बधाई के इस अवसर पर, मैं DCSD शिक्षा बोर्ड के सदस्यों को उनके पदों पर फिर से चुने जाने के लिए बधाई देना चाहूंगी। हमारे डिस्ट्रिक्ट के प्रति वचनबद्धता, हमारे विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए आपके जुनून और मेरे और

आपके साथ प्रतिदिन काम करने वाली विभिन्न टीमों के प्रति अपने निरंतर समर्थन के लिए मैं आपका व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करना चाहती हूँ। प्रत्येक बोर्ड सदस्य को देखने के लिए यहाँ जाएं।

## कठिनाई संबंधी आवेदन

DCSD के कर्मचारियों के रूप में, हम भवनों में लौटने वाले प्रत्येक कर्मचारी का धन्यवाद करना चाहते हैं। हम समझते हैं कि आपका स्वास्थ्य और कल्याण न केवल हमारे डिस्ट्रिक्ट और विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि आपके अपने परिवारों के लिए भी। आपकी बातों को सुनने के बाद, हम उन लोगों का धन्यवाद करना चाहते हैं जिन्होंने कठिनाई के कारण वैकल्पिक कार्य असाइनमेंट की आवश्यकता व्यक्त की थी। हमारे कठिनाई संबंधी अनुरोध – जिनकी अंतिम तारीख 8 जनवरी थी – उनके जरिए आपने भवन या आपकी कार्य सारणी में वापस लौटने के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की थी, और 2 फरवरी, 2021 तक उन्हें लागू रखा जाएगा।

कठिनाई संबंधी अनुरोध के लिए दिए गए कारणों पर ध्यान दिए बिना, हम आशा करते हैं कि 30 दिन की अनुग्रह अवधि के दौरान आप 3 फरवरी, 2021 को वापस लौटने के लिए सभी आवश्यक व्यक्तिगत व्यवस्थाएं कर लेंगे।

बेशक, यदि 3 फरवरी को वापस लौटने से पहले आपको कोई चिंता या कोई ऐसी परिस्थिति है, तो कृपया अपने तात्कालिक अधीक्षक से संपर्क करें।

एक बार फिर से, इस अनिश्चित समय के दौरान अपनी निरंतर कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद।

अंत में, मैं आपकी लगन, सामर्थ्य, धैर्य के लिए धन्यवाद करना चाहूंगी। मैं हमारी अधीक्षक विद्यार्थी परामर्श समिति (SSAC) और मेहमान वक्ता German DuBois III का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहूंगी जिनसे मेरी मुलाक़ात इस सप्ताह हुई थी। मैं विद्यार्थी क्लबों के लिए मार्गदर्शन और नई सारणीके साथ स्क्रीन समय पर उठाए गए बिंदुओं की सराहना करती हूँ। आशा करती हूँ कि हमारे मेधावी विद्यार्थियों के साथ और अधिक बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

हमारे विद्यार्थियों के लिए आपके द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत के बारे में सोचने पर, Martin Luther King, Jr. द्वारा कही गई बात याद आती है: “जीवन का सबसे उद्देश्यपूर्ण और ज़रूरी प्रश्न है: ‘आप दूसरों के लिए क्या कर रहे हैं?’” आप निस्वार्थता और दया का जीता जागता उदाहरण हैं। हर बार, वर्ष दर वर्ष लगातार मदद करने के लिए धन्यवाद। हमारे विद्यार्थी, प्रशासन, स्टाफ, और डिस्ट्रिक्ट आपका धन्यवाद करता है।

आपकी #1 चीयरलीडर,

Cheryl Watson-Harris